उ० प्र० लघु उद्योग निगम लि०

(उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिष्ठान)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्षेत्रीय कार्यालय : जिला उद्योग केन्द्र के पास, 23वीं पी०ए०सी०, मुरादाबाद-244001

U.P. SMALL INDUSTRIES CORPORATION LTD.

(U.P. GOVT. UNDERTAKING)

Near GMDIC (23rd PAC) Moradabad-244001 : moradabadareaoffice@gmail.com

अल्पकालिक ई-निविदा सूचना

निगम के मुरादाबाद स्थित क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा विपणन सहायता योजना के अन्तर्गत पंजीकृत लघु औद्योगिक इकाइयों से निम्नलिखित कार्यों हेतु एफ०ओ०आर० दरें प्राप्त करने हेतु ई-निविदा आहुत की जाती है।

क्र० सं०	कार्य का विवरण	निविदा मूल्य	धरोहर धनराशि	अनुमानित कार्य मूल्य	निविदा खुलने की तिथि
1	मा० सदस्य विधान सभा रामपुर श्री शफीक अहमद अंसारी जी द्वारा प्रस्तावित रामपुर के 38 विभिन्न निर्दिष्ट स्थलों पर 6X140-150 सेमी हाई मास्ट एल०ई०डी० लाइटों के अधिष्ठापन कार्य	रू० 2000+ 18% जी.एस.टी. अति०	55000/-	54,651 लाख	23/10/2024

उपरोक्त कार्य हेतु प्रेषित दरें एक वर्ष अथवा कार्यावधि तक के लिये वैध होंगी। कोई भी इकाई जो निगम की विपणन सहायता योजना में निविदा आहुत किये जाने की तिथि तक उक्त कार्य हेतु पंजीकृत है, वो निविदा में भाग ले सकती है। उक्त निविदा की सूचना निगम की WEBSITE www.upsic.in पर भी उपलब्ध है।

उक्त कार्य करने हेतु इच्छुक इकाईयाँ को सूचित किया जाता है कि कार्य का विस्तृत विवरण निविदा के नियम एवं शर्त सहित सम्बन्धित कार्य का निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश सरकार की ई-प्रक्योरमेन्ट वेबसाइट etender.up.nic.in से दिनांक 15/10/2024 से डाउनलोड किये जा सकते है। निविदा फार्म हेतु निर्धारित शुल्क एवं धरोहर धनराशि समस्त निविदा प्रपत्रों सहित निविदा खुलने से पूर्व निगम में जमा किया जाना आवश्यक होगा। जोकि **RTGS/NEFT के माध्यम से भी निगम के एक्सिस बैंक, पीलीकोठी, मुरादाबाद स्थित बैंक खाता सं० 917010063058738 (IFS Code UTIB0000282)** में भी जमा की जा सकती है। उक्त निविदायें दिनॉक 23/10/2024 को अपरान्ह 02.00 बजे तक etender.up.nic.in पर ही आनलाईन डाली जा सकेंगीं एवं उसी दिन दिनॉक 23 अक्टूबर 2024 को ही अपरान्ह 3.00 बजे निगम की गठित निविदा समिति के द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष निगम के क्षेत्रीय कार्यालय, निकट जिला उद्योग केन्द्र,(23 वीं पी.ए.सी. बटालियन के पास), मुरादाबाद पर खोली जायेंगी।

समस्त आमन्त्रित निविदाओं को पूर्ण या आशिंक रूप से स्वीकार/अस्वीकार अथवा निरस्त करने का सर्वाधिकार निगम के पास पूर्णतया: सुरक्षित है।

क्षेत्रीय प्रबन्धक (मुरादाबाद)

पत्र सं० 1310 /उपसिक/क्षे०का०(मुरादाबाद)/2024-25 दिनांक : अक्टूबर, 15 .2024

प्रतिलिपि:-

1- क्षेत्रीय प्रबन्धक, कानपुर/लखनऊ/प्रयागराज/आगरा/गाजियाबाद/गोरखपुर/बांदा को सूचनार्थ प्रेषित।

2- विभागीय प्रबन्धक, विपणन, मुख्यालय कानपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

3- प्रभारी कम्प्यूटर अनुभाग, मुख्यालय को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त निविदा निगम की वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु सम्बन्धित सहायक को निर्देशित करने का कष्ट करें।

4- सूचना पट्ट क्षेत्रीय कार्यालय, मुरादाबाद।

क्षेत्रीय प्रबन्धक (मुरादाबाद)

Scanned with OKEN Scanner